(ii) Fitness criteria of commercial/transport vehicles is enforced strictly by the Board of Inspection, of Transport Directorate. The vehicles plying without fitnesses certificate are impounded and challaned during checking by the Enforcement Branch of the Directorate of Transport, Delhi Administration.

(iii) Poloroid form of licences has been introduced with a view to prevent issue of licence in absentia and also to avoid any chance of fake licences.

(iv) Efforts have been made to educate public concerning Traffic Rules and regulationsjby use of media including Press, Radio, T.V. distribution of literature etc. The Road Safety Cell organises visits to schools where films on road safety, exhibition and lectures are held.

(v) The driving licences in fatal accidents cases are impounded. The drivers using alcohol, while driving are prosecuted.

(vi) Traffic Wardens are recruited from among the general public to help the traffic police, to control the traffic and to detect the traffic

फिल्मों तथा छायाचित्रों के प्रसारण के संबंध में नीति

1064 **श्री अजीत जोगी** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्र के महापुरुषों के जन्म/मृत्यु के दिन उनसे संबंधित फिल्म और छायाचित्र दूरदर्शन पर दिखाये जाने की सरकार की कोई नीति है ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन महापुरुषों के संबंध में इस नीति का पालन किया जाता है ;

(ग) क्या अन्य महापुरुषों के संबंध में जन प्रतिनिधियों में अन्य संस्थाओं से आवेदन तथा सुझाव सरकार को प्राप्त हुये हैं ; और

(घ) यदि हां, तो उन पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री (श्री पी. उपेन्द्र) : (क) से (घ) आकाशवाणी प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों/विषयों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के व्यक्तियों की जयंतियों/पुण्यतिथियों सहित वर्षगांठों और उत्सवों की एक सूची तैयार करता है जिन्हें आकाशवाणी और दूरदर्शन द्वारा उपयुक्त रीति से मनाया जाता है । सूची तैयार करते समय विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त सुझावों पर पर भी विचार किया जाता है ।

मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत चालक लाइसेंस प्राप्त करने संबंधी उपबन्ध

1065. **श्री अजीत जोगी** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि नया मोटर वाहन अधिनियम बनने के बाद चालक लाइसेंस प्राप्त करने के लिए जो औपचारिकताएं निर्धारित की गई हैं, उनके कारण भ्रष्टाचार बढ़ा है, और उसके कारण आवेदनों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है ;

(ख) तथा सरकार इस संबंध में वर्तमान कानूनों में कोई संशोधन करने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री साथ में संचार मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार श्री के० पी० उन्नीकृष्णन : (क) यद्यपि